# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 17.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के क्रम में जनपद महोबा की समस्त एन्टीरोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम द्वारा गांवो/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओ/युवतियों को उनके अधिकारों,सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों सहित साइबर अपराधों की जानकारी देकर किया जा रहा है जागरूक ।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 17.10.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों की एण्टी रोमियो/मिशन शक्ति टीमो द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले गांवो/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत भ्रमण कर महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल भी लगाया गया। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा। एन्टी रोमियो पुलिस टीम द्वारा नियमित रुप से ग्राम/स्कूल चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों/स्कूलों/कालेजों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को छात्राओं/बालिकाओं/महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- वुमेन पावर लाइन **1090,** महिला हेल्पलाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन **1076,** पुलिस आपातकालीन सेवा **112,** चाइल्ड हेल्पलाइन **1098,** स्वास्थ्य सेवा **102,** एम्बुलेंस सेवा **108** एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर **1930/112** पर दें। जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके, कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना, और समाज में उनकी भूमिका को मजबूत करना है।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने 32 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक-17.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 सनय कुमार मय हमराह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ एक नफर अभियुक्त आशीष कुमार पुत्र अवतार सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम गुढा थाना चरखारी जनपद महोबा को मनसुख तिराहा देशी ठेका के पास कस्बा चरखारी से हिरासत में लिया जिसके कब्जे से एक झोले में 25 क्वाटर ब्रांड झूम , 05 क्वाटर ब्रांड टिवन टावर, 02 क्वाटर ब्रांड मस्तीह गोल्ड ठेका नाजायज कुल 32 अदद क्वार्टर देशी शराब ठेका नाजायज बरामद की गई। इस बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना चरखारी में मु0अ0सं0 249/2024 धारा 60 **EX ACT** का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सनय कुमार
2. कां.अंशुल कुमार 3. चालक कां. शिवकुमार थाना चरखारी

### गिरफ्तार अभियुक्तगण –

आशीष कुमार पुत्र अवतार सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम गुढा थाना चरखारी जनपद महोबा

### बरामदगी-

एक अदद झोले में 25 क्वाटर झूम , 05 क्वाटर टिवन टावर , 02 क्वाटर मस्तीह गोल्ड ठेका नाजायज ब्राण्ड झूम कुल 32 अदद क्वार्टर देशी शराब ठेका नाजायज



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला की पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में प्रचलित एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 17.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड के कुशल पर्येक्षण में चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत थानाध्यक्ष खरेला सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुरेश कुमार यादव मय हमराह कर्मचारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त कल्लू सिंह उर्फ शिवबहादुर पुत्र मंगल सिंह उम्र करीब 46 वर्ष निवासी ग्राम पहरेथा थाना खरेला जनपद महोबा सम्बन्धित केस नं0 1587/06 व अ0स0 92/98 धारा 457/380/411 आईपीसी सम्बन्धित न्यायालय **A.C.J.M** हमीरपुर द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में वारण्टी अभियुक्त कल्लू सिंह उर्फ शिवबहादुर उपरोक्त को ग्राम पहरेथा थाना खरेला जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा।

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण –

1. उ0नि0 सुरेश कुमार यादव
2. हे0का0 मो0 सरताज

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

कल्लू सिंह उर्फ शिवबहादुर पुत्र मंगल सिंह उम्र करीब 46 वर्ष निवासी ग्राम पहरेथा थाना खरेला जनपद महोबा



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 17.10.2024

मीडिया सेल, महोबा

## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर अग्निशमन टीम द्वारा आतिशबाज की दुकानों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को परखा गया, सुरक्षा के सम्बन्ध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी आने वाले धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जनपदवासियों को सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराये जाने उद्देश्य से आज दिनांक- 17.10.2024 को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा आतिशबाजी विक्रय/निर्माण एवं भंडारण स्थलों का प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया तथा आतिशबाजी/पटाखा विक्रय/भंडारण/निर्माण स्थलों पर उपस्थित दुकानदारों एवं स्टाफ को अग्निशमन उपकरणो को चलाए जाने हेतु प्रशिक्षण/जानकारी दी गई तथा लाइसेंसिंग क्षमता के अनुसार रखे जाने हेतु निर्देशित करते हुए मानकों के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सदैव क्रियाशील दशा में रखने हेतु निर्देशित करते हुए जागरुकता पंपलेट के माध्यम से जागरूक किया गया, इसके अतिरिक्त अग्निशमन उपकरण लगाने हेतु एवं सुरक्षा के मानकों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिससे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आग दुर्घटना की संभावना को खत्म किया जा सके।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 17.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## सीसीटीएनएस की रैंकिंग में जनपद महोबा को दूसरा स्थान, मुख्यालय तकनीकि सेवाएं द्वारा प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित-

सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के संबंध में मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा सितम्बर 2024 के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग की गई है। जिसमें लम्बित अभियोगों के त्वरित निस्तारण को लेकर जारी प्रदेश स्तरीय सीसीटीएन रैंकिग में जनपद महोबा पुलिस को 97.52 % अंको के साथ दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि पर श्री नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह सहित सीसीटीएनएस कार्यालय महोबा में नियुक्त डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर अंकुर जायसवाल एवं कं0ऑ0 ग्रेड ए रहमान रशीद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है एवं सम्पादित कार्यों की प्रशंसा की गई है।

### क्या है सीसीटीएनएस पोर्टल-

सीसीटीएनएस के माध्यम से किसी भी अपराध से जुड़ी हुई रिपोर्ट के साथ ही प्रकरण किस स्थिति में है। कितने आरोपी गिरफ्तार हुए। पुलिस मामले में कहा तक विवेचना कर रही है। इस संबंध में पुलिस कहां-कहां जांच करने गई। लगभग यह सभी जानकारियां चालान पेश होने तक की हर गतिविधि को सीसीटीएनएस साफ्टवेयर में ऑनलाइन किया जाता है।

### सीसीटीएनएस की रैंकिंग से जुडे पोर्टल-

1. **Cctns portal ke IIF forms** 2. **Training certificate portal**
3. **Pared portal** 4. **Field unit portal** 5. **Pg portal**6. **Foot patrolling portal**
7. **Crimac portal** 8. **Icjs portal** 9. **Crime analytical portal** 10. **NAFIS portal**

इन सभी में अच्छी फीडिंग व मॉनिटरिंग के आधार पर महोबा पुलिस को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।



## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये जनपद महोबा में संचालित विभिन्न स्कूलों के प्राचार्यों के साथ की गई मीटिंग-

आज दिनांकः- 17.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा जनपद महोबा में मिशन शक्ति फेज-5.0 के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जनपद में संचालित विभिन्न स्कूलों के सम्मानित प्राचार्यो/शिक्षकों के साथ पुलिस कार्यालय में मीटिंग का आयोजन कर महोबा पुलिस द्वारा अभियान के तहत बनायी गयी कार्ययोजना के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है। तथा सभी से महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित कार्यक्रमों में पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित रखते हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम को सफल बनाये जाने की अपील की गयी है। सभी ने पुलिस प्रशासन द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा कर अपेक्षित सहयोग का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरुप महिलाओं एवं बालिकाओ को सशक्त एवं उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किये जाने हेतु शारदीय नवरात्र से मिशन शक्ति फेज 5.0 का शुभारम्भ किया गया है, जिसके तहत पुलिस एवं प्रशासन द्वारा स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक कर सशक्त बनाया जा रहा है। इस अभियान का असर है कि महिलाएं अब पहले से ज्यादा सशक्त एवं स्वतंत्र हैं।

